## महत्वपूर्ण एवं खास

### सर्पदंश से 4 की असामायिक मृत्यु, वारिसानों को सहायता राशि स्वीकृत

**रायगढ़।** धरमजयगढ़ अनुविभाग अंतर्गत 4 लोगों की असामायिक मृत्यु होने पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)धरमजयगढ़ के प्रकरणों का परीक्षण पश्चात राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के संशोधित प्रावधान के तहत मृतक के नजदीकी वारिसानों को 4-4 लाख रुपये की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गयी है। कार्यालय कलेक्टर, रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील धरमजयगढ़ के ग्राम-पोटिया निवासी रवि मांझी 12 सितम्बर 2022 को सर्पदंश से मृत्यु होने पर उनके पिता निराकार मांझी को 4 लाख रुपये की स्वीकृत की गई है। इसी तरह ग्राम-उदउदा के रनमत बैगा की 2 अगस्त 2022 को मृत्यु होने पर उनकी पत्नी सागरमोती को, ग्राम-साम्हरसिंघा की सिरवती राठिया की 8 अगस्त 2022 को मृत्यु होने पर उनके पिता-भवानी राठिया को तथा ग्राम-सुपकालो निवासी पुष्पेन्द्र राठिया की 19 जुलाई 2022 को मृत्यु होने पर उनके पिता श्यामलाल राठिया को 4 लाख रुपये की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गयी है।

### प्रेमी जोड़े ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**जगदलपुर (आरएनएस)।** बोधघाट थाना क्षेत्र के लामनी पार्क के जंगल में प्रेमी जोड़े ने एक ही रस्सी पर लटककर आत्महत्या कर ली। जंगल में लकड़ी लेने गए ग्रामीणों ने दोनों की लाश देखकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंच जांच शुरू कर दी है, वहीं मौके से एक बुलेट भी बरामद किया गया है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को शव उतार कर उसे पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवा दिया है। वहीं आत्महत्या के कारणों का पता लगाने में भी जुट गई है।

### छात्राओं से छेड़छाड़ करने वाला प्रधान पाठक भेजा गया जेल

**जांजगीर (आरएनएस)।** स्कूल की छात्राओं के साथ अश्लील हरकत करने वाले शासकीय विद्यालय मुलमुला के प्रधान पाठक को पुलिस ने छात्राओं की शिकायत के बाद गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मुलमुला की कुछ छात्राओं ने थाने में पहुंकर स्कूल के प्रधान पाठक मनोज पाटले के खिलाफ शिकायत की। छात्राओं ने बताया कि प्रधान पाठक मनोज पाटले काफी समय से लड़कियों को परेशान कर रहे हैं। जिसके बाद पुलिस ने एक छात्रा का लिखित बयान लिया जिसमें छात्रा ने बताया कि प्रधान पाठक के द्वारा उसके साथ गंदी-गंदी बातें करना, अश्लील हरकत करना तथा बुरी नीयत से हाथ-बांह को पकड़ता है। जिसके बाद इस शिकायत को गभीरता से लेते हुए पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 354, 354 ( क ) भादवि 10 , 12 पाक्सो एक्ट के तहत जुर्म पंजीबद्ध किया तथा प्रधान पाठक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जिसमें आरोपी ने अपना जुर्म करना स्वीकार कर लिया। जिसके बाद मनोज पाटले को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।

### महाराष्ट्र बॉर्डर में जवानों को अलर्ट रहने के निर्देश

**राजनांदगांव (आरएनएस)।** नक्सलियों का पीएलजीए सप्ताह शुरू हो गया है। इस दौरान नक्सली वारदात की आशंकाओं को देखते हुए सुरक्षा बलों द्वारा सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। गौरतलब है कि 2 से 8 दिसंबर तक पीएलजेए सप्ताह मनाया जा रहा है। इस दौरान महाराष्ट्र से लगने वाली गढचिरोली,गोंदिया जिले की सरहद में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। सुरक्षा बलो को अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए है। आपको बता दें कि राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ की सीमा से महाराष्ट्र की सीमा लगी हुई है। इसके अलावा मध्यप्रदेश के बालाघाट जिले की सीमा भी राजनांदगांव से मिलती है। इसे देखते हुए सुरक्षा बलो को अलर्ट किया गया है।

# बिलासपुर गोल बाजार ज्वेलरी में हुए गोलीकांड के मुख्य आरोपी को साइबर सेल रायगढ़ की टीम ने किया गिरफ्तार

- आरोपी से देशी पिस्टल, छर्रा गोली और लोहे का धारदार कत्ता जब्त
- लूटपाट के इरादे से घूमते आरोपी को साइबर ने किया गिरफ्तार
- आदतन आरोपी पर उड़ीसा और छत्तीसगढ़ में हत्या, लूटपाट के कई मामले हैं दर्ज



रायगढ़। संपत्ति संबंधी अपराधों एवं ऑनलाइन फ्रॉड के मामलों में आरोपियों की पतासाजी व माल मशरूका की शीघ्र बरामदगी के लिए एसपी अभिषेक मीणा द्वारा साइबर सेल की टीम स्वयं मॉनिटरिंग कर दिशा निर्देशित किया जा रहा है जिसमें लगातार साइबर सेल की टीम को सफलता प्राप्त हो रही है। इसी क्रम में दिनांक 07.12.2022 के दोपहर साइबर सेल की टीम द्वारा जूटमिल पुलिस के साथ संयुक्त कार्यवाही कर कांशीराम चौक के पास संदिग्ध रमजान अली उर्फ बल्ला को हिरासत में लिया गया है।

साइबर सेल प्रभारी उपनिरीक्षक कमल किशोर पटेल को मुखबिर से सूचना मिली थी कि संदेही रमजान अली उर्फ बल्ला को बड़ी वारदात के लिए रायगढ़ में लूटपाट के इरादे से जूटमिल की ओर घूम रहा है। साइबर सेल प्रभारी द्वारा पुलिस अधीक्षक महोदय को सूचना देकर पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन एवं एडिशनल एसपी संजय महादेवा एवं सीएसपी अभिनव उपाध्याय के मार्गदर्शन पर साइबर सेल तथा जूटमिल की टीम संयुक्त टीम बनाकर आरोपी की पतासाजी के लिए रवाना हुए जिसे पुलिस टीम द्वारा कांशीराम से बोदाटिकरा जाने वाले चौक के पास धर दबोचा गया। आरोपी एक लोहे का धारदार कत्ता लिए लोगों को डरा धमका रहा था जिसकी विधिवत तलाशी लिए जाने पर उसके पेंट में रखा हुआ एक सिल्वर रंग का छर्रा बंदूक और 14 नग छर्रा गोली मिला। पुलिस टीम आरोपी रमजान अली को लेकर चौकी आई। जहां आरोपी रमजान अली से पूछताछ में विभिन्न मामलों का खुलासा हुआ है।आरोपी रमजान अली पर जूटमिल पुलिस में धारा 25 आर्म्स एक्ट की कार्यवाही की गई है।

आरोपी रमजान उर्फ बल्ला के अपराधिक रिकॉर्ड की जानकारी मिली है जिसके अनुसार आरोपी रमजान अपने दो साथियों के साथ गोल बाजार बिलासपुर में ज्वेलरी लूटपाट के लिए गोली चलाकर फरार हुआ था जिसमें इसके 2 साथी पकड़े गए थे और यह फरार था ।

थाना सरिया क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रिसोड़ा में आरोपी अपने साथी के साथ कलेक्शन एजेंट पर गोली चला कर रु.43,000 की लूटपाट किए थे, जिसमें सरिया पुलिस आरोपीगण को ढूंढ रही है।

आरोपी रमजान नाबालिग समय से ही अपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहा है बाइक चोरी, हत्या, मवेशी चोरी के अपराध में आरोपी को बिलासपुर पुलिस द्वारा चालान किया गया हैं। बिलासपुर के थाना मस्तूरी में भी एक घर में हथियारों के साथ घुसकर लूटपाट किए थे जिसमें भागकर उड़ीसा पहुंचे थे जहां उड़ीसा पुलिस इन्हें गिरफ्तार की थी।

आरोपी रमजान बताया कि अपने साथियों के साथ लूटपाट कर उड़ीसा जाकर छिप जाता था वर्तमान में अपराधिक वारदातों के लिए अपने साथियों का गिरोह तैयार कर रहा था। इसी बीच साइबर सेल रायगढ़ की टीम को आदतन आरोपी रमजान उर्फ बल्ला को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। आरोपियों की पतासाजी गिरफ्तारी में साइबर सेल तथा जूटमिल पुलिस की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

आरोपी- रमजान अली उर्फ बल्ला पिता स्वर्गीय चांद अली उम्र 35 साल निवासी चिल्हाटी धनवारपारा स्कूल के पास थाना सरकंडा जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़

जप्त - एक 15 इंच धारदार कत्ता, एक सिल्वर रंग का देसी पिस्टल (छर्रा बंदूक) और 14 नग छर्रा गोली।

## सशस्त्र झण्डा दिवस: जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने सीईओ मिश्रा को लगाया फ्लैग




**रायगढ़।** कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आज सशस्त्र झण्डा दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा को सेना के रिटायर्ड कमांडर एवं जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल आशीष पाण्डेय तथा कर्नल संतोष रावत ने फ्लैग लगाकर सम्मानित किया। इस दौरान सीईओ मिश्रा ने सैनिकों को संबोधित करते हुए कहा कि रायगढ़ हमेशा से वीरों की धरती रही है। यहां से कई लोग सेना में उच्च पद पर रहे है। सैनिकों के जीवन में अनुशासन महत्वपूर्ण होता है, यह हम सभी को भी अपने जीवन में अनुशरण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सैनिकों का जीवन बहुत कठिन है, इसलिए हम उनके परिवार की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ हल करने की कोशिश करते है, क्योंकि व्यक्तिगत समस्यायें उनकी ड्यूटी को प्रभावित करती है। इस दौरान उन्होंने सैन्य क्षेत्रों में बिताये गये अनुभव को सैनिकों से साझा किया। उन्होंने कहा कि हमें सैनिकों एवं उनके परिवार के प्रति संवेदनशील होना चाहिए।

गौरतलब है कि 7 दिसम्बर 1949 से पूरे भारत में प्रतिवर्ष झंडा दिवस मनाया जाता है जो भारतीय सशस्त्र बलों के कर्मियों के कल्याण के लिए भारत की जनता से धन संग्रह के प्रति समर्पित एक दिन है। गहरे लाल, नीले और आसमानी रंग की स्टीकर को लगाकर लोगों से उनकी स्वेच्छा अनुसार राशि एकत्रित कर झंडा दिवस कोष में जमा कर दी जाती है। संग्रहित धन का उपयोग युद्ध के दौरान हुई जन हानि, युद्ध में शहीद हुये सैनिकों की विधवाओं, युद्ध के दौरान दिव्यांग सैनिकों व उनके परिवार के कल्याण एवं सेवा निवृत्त सेनिकों और उनके परिवार के कल्याण के लिए खर्च की जाती है। इस अवसर पर कल्याण संयोजक बालकिशन राम, अधीक्षक अनिल कुमार वर्मा, उदय विश्वकर्मा, मित्रशील सागर, गोरेलाल उपस्थित रहे।

## कोतरारोड पुलिस ने शातिर बाइक चोर को पतरापाली में दबिश देकर पकड़ा : चोरी की 3 मोटर सायकल बरामद

- बगैर चाबी मोटर सायकल डायरेक्ट कर चोरी कर फरार हो जाता था आरोपी
- रायगढ़, खरसिया, बरगढ़, ब्रजराजनगर क्षेत्र से चुराया था मोटर सायकलें



**रायगढ़।** एसपी अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन एवं एडिशनल एसपी संजय महादेवा के कुशल मार्गदर्शन पर थानों को लगातार संपत्ति संबंधी अपराधों में सफलता प्राप्त हो रही है। आज थाना प्रभारी कोतरारोड़ उपनिरीक्षक गिरधारी साव के नेतृत्व में कोतरारोड़ पुलिस द्वारा ग्राम पतरापाली में दबिश देकर शातिर बाइक चोर भूपेंद्र शर्मा (44 वर्ष) मूल निवास बुलंदशहर (उत्तर प्रदेश) को गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रभारी कोतरारोड़ को उनके सक्रिय मुखबिर से सूचना मिली थी कि शातिर बाइक चोर भूपेन्द्र जो पूर्व में कोतवाली और खरसिया क्षेत्र में बाइक चोर में गिरफ्तार हुआ है। वह पतरापाली में किराये मकान लेकर रह रहा है जिसके पास चोरी की मोटरसाइकिल हो सकती है। सूचना की तस्दीकी के लिए तत्काल कोतरारोड़ पुलिस टीम द्वारा संदेही भूपेंद्र शर्मा के पतरापाली किराये मकान में दबिश देकर हिरासत में लिया गया। पूछताछ में भूपेन्द्र शर्मा करीब 20 दिन पहले उड़ीसा के बरगढ़ से 2 मोटरसाइकिल और 1 मोटरसाइकिल ब्रजराजनगर से चोरी कर घर में छिपाकर रखना बताया है। तरीका-वारदात के संबंध में आरोपी बताया कि वह पहले ट्रकों में हेल्फरी करता था अब वाहन मिलने पर चलाता भी है। ये रास्तें में खड़ी बिना नंबर वाहनों का लॉक तोड़कर उन्हें डायरेक्ट कर चलाते हुए फरार हो जाता था। पहले भी कोतवाली और खरसिया पुलिस बाइक चोरी में गिरफ्तार की है। कोतरारोड़ पुलिस आरोपी के मेमोरेंडम पर (1) एक लाल रंग का हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल इंजन नंबर 07M1SM22755 चेचिस नंबर 07MO3CO658 (2) एक मोटरसाइकिल बिना नंबर हीरो स्प्लेंडर जिसका चेचिस नंबर MBLHA10ASD9G0990 इंजन नंबर WAT0EE9G09832 (3) एक बजाज कंपनी का मोटरसाइकिल प्लैटिना इंजन नंबर PFZWD31279 चेचिस नंबर MD2A76A70FWD27064 जुमला कीमती 1,50,000 रुपए का बरामद कर आरोपी द्वारा चोरी के समान छिपाकर रखने के युक्तियुक्त संदेह पर कोतरारोड पुलिस द्वारा आरोपी भूपेंद्र शर्मा पिता श्यामबीर शर्मा उम्र 44 वर्ष निवासी अख्तियारपुर थाना अंगोली जिला बुलंदशहर उत्तर प्रदेश हाल मुकाम पतरापाली थाना कोतरारोड़ जिला रायगढ़ पर धारा 41(1+4) CrPC/379 IPC की कार्रवाई कर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। थाना प्रभारी कोतरारोड़ उपनिरीक्षक गिरधारी साव के नेतृत्व में कार्यवाही में प्रधान आरक्षक करुणेश राय, आरक्षक संदीप कौशिक, और हरिशंकर नायक की विशेष भूमिका रही है।

## गुणवत्ता के साथ सड़क निर्माण कार्यों में लाए तेजी -सीईओ मिश्रा

- सीईओ ने ली सड़कों के निर्माण के संबंध में समीक्षा बैठक

**रायगढ़।** सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले में चल रहे सड़क निर्माण कार्य की प्रगति के संबंध में समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को सड़क निर्माण कार्यों में तेजी लाने एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान एडीबी द्वारा बताया गया कि भू-अर्जन में हो रही दिक्कतों के कारण सड़क निर्माण प्रभावित हुई है। सीईओ जिला पंचायत ने कहा कि भू-अर्जन की प्रक्रिया में तेजी लाए, जिससे सड़क निर्माण प्रभावित न हो। उन्होंने ठेकेदारों से कहा कि हर हफ्ते का अपने दिए गए सड़क निर्माण टारगेट को ध्यान में रखकर कार्यों में प्रगति लाए। इसके अलावा सड़क निर्माण कार्य में कहीं भी दिक्कत हो तो एसडीएम को तत्काल सूचित करें।

सीईओ मिश्रा ने सभी सड़क निर्माण एजेंसीज के अधिकारियों को उनके अंतर्गत चल रहे कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले के विभिन्न सड़कों में चल रहे निर्माण कार्यों के प्रगति की समीक्षा करते हुए ठेकेदारों और अधिकारियों से वर्तमान प्रगति एवं आगे किए जाने वाले कार्यों की जानकारी ली।



एडीबी द्वारा बताया गया कि करूभांटा से रक्सापाली, कछार से तारापुर, पुटकापुरी से सूपा मार्ग में डब्ल्यूएमएम टॉप लेयर वर्क, जीएसबी वर्क, ड्रेन वॉल कांक्रीट, ड्रेन स्लैब कास्टिंग जैसे कार्य प्रोसेस में है। धरमजयगढ़ कापू मार्ग में सबग्रेड टॉप लेयर कार्य किया जा रहा है।

पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा बताया गया कि हाटी से धरमजयगढ़ मार्ग सब ग्रेड का कार्य प्रगति पर है, पत्थलगांव से धरमजयगढ़ मार्ग में बीटी स्केपिंग एवं जीएसबी कार्य किया जा रहा है। इसी प्रकार धरमजयगढ़ से जामपाली में डीबीएम कार्य, जामपाली से घरघोड़ा मार्ग में पाइप पुलिया का कार्य, पूंजीपथरा से रायगढ़ मार्ग में 18नाला के पास नाली निर्माण एवं बंजारी से पूंजी पथरा के मध्य बीटी स्केरिफाइंग व पाइप लगाने का कार्य किया जा रहा है।

छाल से घरघोड़ा मार्ग में नाली निर्माण एवं छाल से घरघोड़ा मार्ग में एचपीसी एवं वॉल कार्य, जीएसबी, रिटर्निंग वॉल, सबग्रेड का कार्य प्रगति पर है। पीएमजीएसवाय के अधिकारियों ने बताया कि झाल खमरिया, बरमकेला-सारंगढ़ से खारवानी एवं सारंगढ़ से बरमकेला मार्ग में बीटी वर्क का कार्य प्रगतिरत है। सीईओ जिला पंचायत मिश्रा ने कहा की छाल से घरघोड़ा जैसे मार्गो में जहां डामरीकरण का कार्य किया जाना है, ऐसे मार्गों को चिन्हांकित कर वहां स्टापर लगाने पुलिस विभाग को निर्देश दिए। जिससे निर्माण में किसी प्रकार की समस्या न हों। इस दौरान उन्होंने सुचारू यातायात के लिए निर्माणाधीन सड़कों में वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा, अपर कलेक्टर राजीव पांडे, ईई पीडब्ल्यूडी आर.के.खांबरा सहित अन्य निर्माण विभाग के अधिकारी व ठेकेदार उपस्थित रहे।

## तापमान में गिरावट, प्रदेश के कई इलाकों में पड़ने लगी कड़ाके की ठंड



**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आज से तापमान में गिरावट होना शुरू हो गया है। जिसके वजह से राजधानी रायपुर सहित पूरे प्रदेश में कड़ाके की ठंड पडऩे वाली है। इसके साथ ही आने वाले कुछ समय में तापमान में 3 से 4 डिग्री तक गिरावट देखने को मिलेगी। जिसकी वजह से सुबह के समय में कोहरा छाने की संभावना है। इस बारे में जानकारी देते हुए मौसम विभाग ने कहा आने वाले 2 दिनों में 3 से 4 डिग्री तक तापमान में गिरावट होगी जिसके वजह से पूरे प्रदेश में ठंड बढऩे वाली है। वही सबसे कम तापमान आज बस्तर संभाग में 6 डिग्री दर्ज की गई। रविवार से उत्तर से आने वाली ठंडी और शुष्क हवाओं का आगमन शुरू हो गया है । इसके वजह से न्यूनतम तापमान में गिरावट का सिलसिला शुरू हो गया । जिसकी वजह से ठंड में और बढ़ोतरी होगी। शनिवार को प्रदेशभर में कबीरधाम सबसे ठंडा रहा, यहां का न्यूनतम तापमान 10.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## बेसन पैकेट पर चने के बदले मटर का आटा, लगा 21 लाख का जुर्माना

- अपर कलेक्टर ने निर्माता पर लगाया 20 लाख रुपए और दुकान के मैनेजर पर एक लाख रुपए का जुर्माना



**जगदलपुर (आरएनएस)।** बेसन पैकेट के नाम पर चने के स्थान पर मटर का आटा बेचने के मामले में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत 21 लाख रुपए का जुर्माना अपर कलेक्टर हरेश मंडावी द्वारा लगाया गया। इसमें 20 लाख रुपए का जुर्माना निर्माता पर और एक लाख रुपए का जुर्माना दुकान के मैनेजर पर लगाया गया है।

एस0 बी0 बाजार बिनाका मॉल में खाद्य एवं सुरक्षा विभाग द्वारा की गई जांच में पता चला कि दिव्य बेसन 500 के नाम पर चने के बदले मटर का आटा बेचा जा रहा था। मामले की सुनवाई अपर कलेक्टर के न्यायालय में की गई और दिव्य बेसन के निर्माता नारायण फुड्स एवं ट्रेडिंग कंपनी रायपुर व मालिक चन्द्र कुमार चैधरी के ऊपर बीस लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया और एसबी बाजार के मैनेजर गिरीश कुमार जैन के ऊपर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। इसके साथ ही न्यू देवांगन किराना, गोलबाजार जगदलपुर में लूज पनीर में अवमानक पाए जाने के कारण न्यायालय अपर कलेक्टर ने विधिवत सुनवाई करते हुए लूज पनीर के विक्रेता हरिश देवांगन के ऊपर पच्चीस हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया।

## जनचौपाल के लंबित आवेदनों का करें शीघ्र निराकरण -कलेक्टर

- आगामी सप्ताह से शिविर के माध्यम से 6 वर्ष तक के बच्चों का बनेगा जाति प्रमाण-पत्र
- कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने ली समय-सीमा की बैठक



**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दकी ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक लेते हुए विभागवार लंबित प्रकरणों की जानकारी ली तथा उनका शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने सभी विभागों को जनचौपाल के लंबित आवेदनों का त्वरित निराकरण करने को कहा, साथ ही संबंधित आवेदनकर्ता को समय पर सूचित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने कल से शुरू हो रहे जिला स्तरीय युवा महोत्सव में संबंधित सभी विभागों को अपनी उपस्थिति सुनिश्चित कर सुचारू रूप से आयोजन के संचालन करने संबंधी निर्देश दिए। उन्होंने विगत 1 दिसंबर को आयोजित पैरादान महाअभियान में सभी संबंधित विभाग प्रमुखों की प्रशंसा कर इस अभियान को आने वाले समय में तीन दिवस के लिए आयोजित करने के निर्देश दिए।

धान खरीदी कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने धान की जांच करने, स्टैकिंग के नियमों का पालन करने और समय पर धान उठाव करने, शत-प्रतिशत रकबा समर्पण, धान की नमी का उचित ढंग से मापन करने और धान की तौलाई में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी ना करते हुए अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने सभी धान खरीदी केंद्रों में पैरादान के प्रोत्साहन के लिए दो फ्लेक्स लगाने के निर्देश दिए ताकि जो भी किसान धान बेचने आएं वे सभी धान कटाई के पश्चात गौठानों में पैरादान करें। कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने संवेदनशील सीमावर्ती क्षेत्रों एवं अन्य धान ऊपार्जन केन्द्रों में किसी भी प्रकार की ढिलाई न बरतते हुए धान खरीदी कार्य को सुचारू रूप से करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने स्वास्थ्य विभाग से वर्तमान में चल रहे कुष्ठ एवं टीबी खोज अभियान के कार्यों की प्रगति रिपोर्ट पर चर्चा की।

कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने सभी सीएमओ को अवैध प्लाटिंग के मामलों पर सख्ती से कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व शिविर की जानकारी देते हुए कहा कि आने वाले सप्ताह से आंगनबाडिय़ों के माध्यम से एक पृथक शिविर का आयोजन किया जाएगा जिसमें 6 वर्ष तक के बच्चों का जाति प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। जिले स्तर पर इस शिविर का आयोजन इसलिए किया जा रहा है ताकि बच्चों को जल्द से जल्द जाति प्रमाण पत्र की सुविधा मिल सके। बैठक में कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने जिला शिक्षा अधिकारी को स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती की प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि 10वीं और 12वीं कक्षाओं का परीक्षा परिणाम पहले से बेहतर हो सके। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि वे स्वयं समय निकालकर अपने आसपास के स्कूलों में जाएं और बच्चों को अपना समयदान कर उन्हें पढ़ाएं, इससे उन्हें प्रोत्साहन भी मिलेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों को मिलने वाली राशि तथा आधार लिंक और ई-केवायसी की प्रक्रिया के निपटान करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने सड़क निर्माण कार्य, आवर्ती चराई, ओबीसी सर्वेक्षण, आयुष्मान कार्ड, धन्वंतरी मेडिकल स्टोर योजना, सेजेस की भर्ती, वन अधिकार पत्र, कृष्ण कुंज, गोधन न्याय योजना, फल एवं सब्जी क्षेत्र विस्तार राजीव युवा मितान क्लब वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना, राम वनगमन पथ, रामायण मंडली, शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना, हाट बाजार, राजीव गाँधी भूमिहीन किसान योजना आदि विषयों पर विभागवार चर्चा की तथा आवश्यक निर्देश दिए। उक्त बैठक में संयुक्त कलेक्टर डॉ स्निग्धा तिवारी, समस्त एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480